गर्म कारें

बच्चों को कार में अकेले छोड़ना, चाहे थोड़े समय के लिए ही क्यों न हो, जानलेवा हो सकता है।

- बच्चे गर्मी को बड़ों की तरह सहन नहीं कर सकते। अपने छोटे शरीर की वजह से, उन्हें गर्मी का असर जल्दी महसूस होता है।
- ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर, खड़ी कार के अंदर का तापमान बाहर की तुलना में 30°C तक ज्यादा हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर बाहर का तापमान 30°C है, तो कार के अंदर का तापमान 60°C तक पहुंच सकता है।
- तापमान में यह वृद्धि अधिकतर कार बंद करने के 5 मिनट के भीतर ही होती है। छोटे बच्चों को डिहाइड्रेशन, हीटस्ट्रोक, ज्यादा गर्मी लगने और दम घुटने का खतरा होता है, जो बेहद खतरनाक या जानलेवा भी हो सकता है।

ROADSAFE RANGERS

गर्म कारें

कार को ‘बेबी-सिटर’ के रूप में उपयोग न करें।

हर बार जब आप कार से उतरें, चाहे बस कोइ छोटा काम ही क्यों न हो, बच्चों को अपने साथ ले जाएं। जोखिम लेने का कोइ फायदा नहीं है।

अगर संभव हो, तो एसे काम तब करें जब बच्चे साथ न हों, जैसे सर्विस स्टेशन जाना, या एसे सर्विस स्टेशन देखें जो पे-एट-द-पंप सर्विस देते हैं।

‘छोड़ने से पहले देख लें’ की आदत डालें।

क्यों?

कभी-कभी लोग इतने व्यस्त होते हैं कि वे भूल जाते हैं कि कार में बच्चा सो रहा है।

हर बार कार से निकलने से पहले पीछे की सीट चेक करने की आदत बनाएं।

अगर आपको कोइ बच्चा बिना निगरानी के लॉक कार में दिखे, तो:

1. माता-पिता या देखभाल करने वाले व्यक्ति को ढूंढें।

2. अगर वे न मिलें या बच्चा परेशानी में दिखे, तो तुरंत 000 पर कॉल करें।

3. इमरजेंसी सेवाओं के आने का इंतज़ार करें, या अगर बच्चे की हालत गंभीर लगे, तो उसे सुरक्षित निकालने की कोशिश करें।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe सेवाएं प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में भिन्न हो सकती हैं।
अधिक जानकारी और सलाह के लिए कृपया अपने राज्य या क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें।
प्रदान की गइ सभी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_perinatal_kids-in-hot-cars_V1.0_0325